दिनांकः 25.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेगें।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–देश में चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में अच्छी प्रगति–मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 819 हुई।
- उत्तर–पश्चिम रेलवे ने त्यौहार मनाकर लौटने वाले यात्रियों के लिये व्यापक प्रबन्ध किये।

और

- सूर्य आराधना का महापर्व छठ आज नहाय–खाय के साथ शुरू।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। इस रेडियो कार्यक्रम की यह 127 वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी ये कार्यक्रम उपलब्ध रहेगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

000

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि देश में चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में काफी अच्छी प्रगति हुई है। आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स नई दिल्ली के 50वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि देश में अब आठ सौ 19 मेडिकल कॉलेज हैं। उन्होंने कहा कि देश में स्नातक चिकित्सा सीटें अब 51 हज़ार से बढ़कर एक लाख 29 हज़ार हो गई हैं। श्री नड्डा ने कहा कि स्नातकोत्तर चिकित्सा सीटों की संख्या भी बढ़कर लगभग 78 हज़ार हो गई है।

000

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचार प्रतिनिधियों से चुनाव के दौरान कृत्रिम रूप से और एआई–जनित सामग्री का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने का आग्रह किया है। आयोग ने ऐसी किसी भी सामग्री को प्रकाशित या साझा करने पर भी रोक लगाने का आह्वान किया है जो गैर–कानूनी हो और किसी व्यक्ति की पहचान, रूप या आवाज़ को उसकी सहमति के बिना गलत तरीके से प्रस्तुत करती हो। आयोग द्वारा मांगे जाने पर राजनीतिक दलों को सत्यापन के लिए, निर्माता के विवरण और तिथि और समय सहित सभी एआई–जनित अभियान सामग्रियों का रिकॉर्ड भी रखना होगा।

000

बारां जिले के अंता में विधानसभा उपचुनाव के लिये आज मतदान दलों में शामिल कार्मिकों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। सामान्य पर्यवेक्षक सुभाश्री नंदा और जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर की मौजूदगी में रेण्डमाइजेशन हुआ। इसके साथ ही महिला और दिव्यांग विशेष मतदान केन्द्र सहित कुल 268 मतदान

केन्द्रों पर नियोजित होने वाले माइक्रो ऑब्जर्वर, वीडियो ग्राफर ऑब्जर्वर सहित मतदान दल कार्मिकों के प्रशिक्षण के आदेश भी जारी किये गये हैं।

0000

आई.पी.एस. सचिन मित्तल ने आज जयपुर के पुलिस आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के तुरंत बाद मीडिया से बातचीत में श्री मित्तल ने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि लोगों की समस्या का समाधान आदर्श स्थिति में थानों के स्तर पर ही हो जाए और आपातकाल में 100 या 112 नंबर पर त्वरित कार्रवाई हो। उन्होंने कानून व्यवस्था और अपराधों पर नियंत्रण, यातायात की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने, और असहाय तथा पीड़ितों की संवेदनशीलता के साथ त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया।

---------------------

आई.पी.एस. राहुल प्रकाश ने भी आज पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में स्पेशल पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

000

उत्तर–पश्चिम रेलवे ने त्यौहारों पर उमड़ने वाली भारी यात्री भीड़ के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। जयपुर, जोधपुर, अजमेर और रींगस जैसे प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, जहाँ यात्रियों के लिए बैठने, पेयजल और टिकट की सुविधा उपलब्ध है। यात्री भार को देखते हुए, विभिन्न गंतव्यों के लिए 107 स्पेशल ट्रेनों के 987 फेरों का संचालन किया जा रहा है और 60 नियमित ट्रेनों में 175 अतिरिक्त डिब्बे जोड़े गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल के जवान सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म और ओवरब्रिज पर लगातार गश्त कर रहे हैं। इसके साथ ही, स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और प्रवेश द्वारों पर स्कैनर मशीनों से सामान की गहनता से जाँच की जा रही है। प्लेटफार्म पर अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए प्लेटफॉर्म टिकटों को भी प्रतिबंधित किया गया है।

000

सूर्य आराधना का महापर्व छठ आज 'नहाय–खाय' के साथ शुरू हो गया है। भरतपुर, भीलवाड़ा सहित राज्य के कई जिलों में छठ पर्व को लेकर धार्मिक उत्साह देखा जा रहा है। भरतपुर में नहाय–खाय की रस्म के तहत व्रतियों ने पवित्र स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण किया। कल निर्जला उपवास के बाद शाम को 'खरना' की रस्म होगी। मुख्य रूप से 27 अक्टूबर को श्रद्धालु घाटों पर पानी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे, और अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का समापन करेंगे।

-------------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने व्रत रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के भक्तिभाव को नमन किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में छठी मैया से सभी लोगों की सुख–समृद्धि की प्रार्थना की है।

000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत, आज भरतपुर रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम्–मदुरई के लिए विशेष रेलगाड़ी रवाना हुई। जिला कलेक्टर क़मर चौधरी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष रेलगाड़ी में भरतपुर, करौली और डीग जिलों के कुल 500 वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा पर गये हैं। इसके अलावा ट्रेन में सोगारिया कोटा स्टेशन से कोटा और बूंदी जिलों के 470 यात्री सवार होंगे, जिससे कुल यात्रियों की संख्या 970 हो जाएगी। ज़िला कलेक्टर ने बताया कि यात्रा के दौरान सभी यात्रियों की देखरेख के लिए ट्रेन प्रभारी, प्रत्येक कोच में दो सरकारी कर्मचारी, एक डॉक्टर और दो नर्सिंग अधिकारी साथ भेजे गए हैं।

000

जैसलमेर बस हादसे के एक और घायल व्यक्ति ने आज दम तोड़ दिया। अब इस बस दुखांतिका में मृकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है। हादसे में अभी एक मरीज वेंटिलेटर पर है, जबकि तीन घायलों का सामान्य वार्ड में उपचार जारी है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सभी घायलों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों के साथ चारदीवारी क्षेत्र की समस्याओं पर एक अहम बैठक की। बैठक में अतिक्रमण, पार्किंग, ई–रिक्शा संचालन और चोरी की घटनाओं सहित सफाई व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गश्त बढ़ाने और व्यापारियों की सहभागिता से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चारदीवारी के हेरिटेज लुक को बरकरार रखते हुए विकास कार्य करने, नाइट बाजार विकसित करने, और डिवाइडर में पौधे लगाकर क्षेत्र को ग्रीन जोन बनाने का निर्देश दिया।

000

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री श्री सुमित गोदारा ने आज जैसलमेर में विभागीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र परिवार खाद्य सुरक्षा के लाभ से वंचित न रहे और इसके लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और संवेदनशीलता ज़रूरी है। श्री गोदारा ने बताया कि 'गिव–अप अभियान' के तहत प्रदेश में 41 लाख लाभार्थियों ने स्वेच्छा से लाभ छोड़ा, जबकि 69 लाख से अधिक नए पात्र परिवारों को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जैसलमेर जिले में 43 हजार से ज्यादा लाभार्थियों ने स्वेच्छा से लाभ छोड़ा और 70 हजार 821 नए पात्र परिवार योजना से जोड़े गए हैं।

000

भीलवाड़ा के मेडिकल व्यवसायियों ने जीएसटी बचत महोत्सव को लेकर केंद्र सरकार की सराहना की है। शहर के मेडिकल व्यवसायी अनिल जैन ने इस संबंध में कहा कि केन्द्र सरकार ने जीएसटी में जो छूट दी है, उससे दवाइयों पर टैक्स कम हुआ है। इसके परिणामस्वरूप, अब आम लोगों को राहत मिलनी शुरू हो गई है।

-------------------

000

मौसम विभाग ने आज उदयपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं सोमवार और मंगलवार को दक्षिण और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार दो नये मौसमी तंत्र के असर से 29 अक्टूबर तक पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान में बिजली चमकने और तेज बारिश की आशंका है। विभाग ने किसानों को खुले में रखी फसलों और अनाज को सुरक्षित रखने की सलाह दी है। इस बीच पिछले 24 घंटों में राज्य के पश्चिमी हिस्सों में मौसम शुष्क रहा।

000